हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 16 दिसंबर 2025, समय 1810 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज लोकसभा में "विकसित भारत रोज़गार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक 2025" पेश किया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हांसी में 77 करोड़ 30 लाख रूपए की तीन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।
- मुख्यमंत्री ने हांसी को जिला बनाने की घोषणा की।
- हरियाणा के सहकारिता मंत्री डा अरविन्द शर्मा ने महम सहकारी चीनी मिल के पेराई सत्र का शुभारम्भ किया।
- आज देशभर में विजय दिवस मनाया गया।

*******************************************************************

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज लोकसभा में विकसित भारत - रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक 2025 पेश किया।

शिवराज सिंह चौहान-17 सेकंड

यह विधेयक बीस साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 का स्थान लेगा। विधेयक विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप एक आधुनिक वैधानिक ढांचा स्थापित करेगा। विधेयक के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार के स्वेच्छा से अकुशल शारीरिक श्रम करने वाले वयस्क सदस्य को 125 दिनों का रोजगार सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम-मनरेगा पर 2 लाख 13 हजार करोड़ रुपये खर्च किए गए थे जबकि मोदी सरकार ने इस योजना पर 8 लाख 53 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं।

श्री चौहान ने कहा कि नए विधेयक में सरकार ने गारंटीकृत रोजगार दिवसों को सौ दिनों से बढ़ाकर 125 दिन करने का प्रस्ताव रखा है।

*******************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज हांसी को जिला बनाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री आज हांसी में आयोजित विकास रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा –

नायब सैनी –जिला -26 सेकंड

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने हांसी में 77 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत की 3 विकास परियोजना का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि हांसी क्षेत्र के विकास में सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले 11 सालों में हांसी विधानसभा क्षेत्र में 1 हजार 8 करोड़ रुपये लागत के विकास कार्य करवाए हैं। जबकि कांग्रेस के कार्यकाल में केवल 253 करोड़ रुपये की लागत के ही काम हुए थे।

सड़कों के विकास को लेकर उन्होंने कहा –

नायब सैनी -42 सेकंड

मुख्यमंत्री ने इस दौरान प्रदेश सरकार की अन्य उपलब्धियां भी गिनाई। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनावों के अपने संकल्प-पत्र के 217 में से 54 वादों को एक साल में ही डबल इंजन की सरकार ने पूरा कर दिखाया है। जबकि 163 वादों पर काम प्रगति पर है।

रैली को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सतीश पूनिया ने कहा –

सतीश पूनिया -15 सेकंड

रैली को कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल कौशिक ने भी संबोधित किया। रैली में विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा, श्रीमती सावित्री जिंदल, श्री कपूर सिंह वाल्मीकि कई पूर्व मंत्री व गणमान्य भी मौजूद रहे

*********************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूर्व विधायक साहब सिंह सैनी के निधन पर गहरा शोक जताया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज कुरुक्षेत्र में स्वर्गीय साहब सिंह सैनी के निवास पर शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

******************************************************************

हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देश में 150 नई चीनी मिलें स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। इसी दिशा में हरियाणा के नारायणगढ़ में सहकारी चीनी मिल स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है।

डॉ. अरविंद शर्मा आज महम सहकारी चीनी मिल के 36वें पेराई सत्र का शुभारंभ करने के मौके पर बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि किसानों के हितों के प्रति सदैव संवेदनशील प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में सरकार किसान कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि वर्ष 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति में सहकारिता क्षेत्र की अहम भूमिका रहेगी। प्रदेश की कई चीनी मिलों का विस्तार किया गया है। चीनी मिलें किसानों के संघर्ष और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। चीनी मिल उद्योग आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित किसानों से गन्ना क्षेत्र में वृद्धि करने और अधिक संख्या में चीनी मिल से जुडने का आह्वान किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि वर्तमान पेराई सत्र में गन्ने की फसल का भुगतान समय पर किया जाएगा

*******************************************************************

आज देश भर में विजय दिवस मनाया जा रहा है। जो 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की विजय की याद दिलाता है।

जींद के शहीदी स्मारक पर सेना के अधिकारियों एवं पूर्व सैनिकों ने विजय दिवस पर, युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले असंख्य वीर शहीदों को नमन किया और उन्हें पुष्पांजलि

देकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी सैनिकों ने शहीद सैनिकों की याद में वीर जवान अमर रहे के नारे भी लगाए।

फरीदाबाद में जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा वार मेमोरियल परिसर में समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में बल्लभगढ़ के एसडीएम मयंक भारद्वाज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एसडीएम ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित किए। पुलिस टुकड़ी ने मातमी धुन के साथ शहीदों को सलामी दी। दो मिनट का मौन रखकर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

*******************************************************************

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने आज पलवल स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिला पलवल व फरीदाबाद के लोगों की शिकायतों की सुनवाई की। श्री मति रेनू भाटिया ने बताया कि आज 5 नई शिकायतें सामने आई। और 12 शिकायतों को रद्द कर दिया गया है।

रेनू भाटिया –ए -29 सेकंड
उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों से शिकायतों का मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है।

रेनू भाटिया –बी -38 सेकंड

*******************************************************************

कैथल पुलिस ने ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए हथियारों सहित दो कुख्यात आरोपियों को गिरफ्तार किया है।
कैथल पुलिस अधीक्षक उपासना ने एक पत्रकार वार्ता में बताया –

*******************************************************************